प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 सोमवार** **दिनांक 05.05.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- प्रदेश में सुशासन तिहार का तीसरा चरण आज से शुरू—मुख्यमंत्री ने सक्ती जिले के करिगांव और कोरबा के मदनपुर में लगाई चौपाल—जांजगीर में नये तहसील भवन का किया लोकार्पण।

- आज से रायपुर में नगर सुराज संगम कार्यशाला शुरू हुई—उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ साझा किया विकास का रोडमैप।

- नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने आईईडी के साथ दो माओवादी सहयोगियों को किया गिरफ्तार।

- मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश के कुछ स्थानों में हल्की वर्षा होने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>सुशासन तिहार—तीसरा चरण—01</u>**

प्रदेश में आज से सुशासन तिहार के तीसरे चरण की शुरूआत हो गई है।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सक्ती जिले के करिगांव पहुंचकर चौपाल लगाई और ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। श्री साय ने कहा कि हम गांव—गांव जाकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर

व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था तभी सफल मानी जाती है, जब अंतिम व्यक्ति की बात सीधे शासन तक पहुंचे। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने करिगांव में नया पंचायत भवन बनाने, सप्ताह में एक दिन यहां पटवारी कार्यालय का संचालन करने और गांव में स्थित नोनी मैया देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री कोरबा जिले के मदनपुर पहुंचे। यहां समाधान शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## सुशासन तिहार–तीसरा चरण–02

वहीं, सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री ने जांजगीर में नये तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि इस भवन के बनने से क्षेत्र के चौव्वन गांवों और चौबीस पटवारी हल्कों के नागरिकों को राजस्व से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

## नगर सुराज संगम–अरूण साव

प्रदेश के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के लिए आज से राजधानी रायपुर में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। **''नगर सुराज संगम''** नाम के इस कार्यक्रम का उद्देश्य अगले पांच वर्षों की कार्ययोजना बनाने पर चर्चा करना है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को नगरीय प्रशासन विभाग और सूडा की योजनाओं के बारे में जानकारी देना है।

कार्यशाला के पहले दिन आज उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरूण साव ने स्वयं प्रशिक्षण की कमान संभाली। उन्होंने पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से शहरों के विकास का रोडमैप विभिन्न नगर निगमों के महापौरों, सभापतियों, एम.आई.सी. सदस्यों, आयुक्तों और वरिष्ठ अभियंताओं के साथ साझा किया। श्री साव ने इस दौरान अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाएं और निर्वाचित

जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों के साथ ही कर संग्रहण तथा शहरी विकास योजना के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

## निर्वाचन आयोग–पहल

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और मतदान प्रक्रिया को नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल शुरू की है। आयोग अब मृत्यु पंजीकरण संबंधी आंकड़े, भारत के महापंजीयक से सीधे इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर सूचना मिल सके। इससे बूथ स्तर के अधिकारियों–बीएलओ को भी क्षेत्रीय दौरों के जरिये सूचना की पुनः जांच करने में सुविधा होगी और उन्हें फॉर्म–सात के अंतर्गत औपचारिक अनुरोध का इंतजार नहीं करना होगा।

मतदाता सूचना पर्चियों को अधिक मतदाता अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने उनके डिजाइन को संशोधित करने का निर्णय लिया है। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें फॉन्ट का आकार बढ़ाया जाएगा। इससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केन्द्र की पहचान करना और मतदान अधिकारियों के लिए मतदाता सूची में उनके नामों को कुशलतापूर्वक खोजना आसान हो जाएगा।

चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि ईआरओ द्वारा नियुक्त सभी बीएलओ को मानक फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नागरिक मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियान के दौरान बीएलओ को पहचान सकें और उनके साथ आत्मविश्वास से बातचीत कर सकें।

## जीनोम संवर्धित चावल

भारत, जीनोम–संवर्धित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आईसीएआर द्वारा विकसित चावल की दो किस्मों को लॉन्च किया। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में श्री चौहान ने कहा कि यह शोध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

विकसित भारत के संकल्प में मील का पत्थर साबित होगा। इन किस्मों को छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश के लिए विकसित किया गया है।

धान की पहली किस्म डी.आर.आर. धन 100 कमला है, जो सांबा माहेश्वरी किस्म से बनाई गई है। यह किस्म पंद्रह से बीस दिन पहले पक जाती है और पच्चीस प्रतिशत ज्यादा उपज देती है। वहीं, दूसरी किस्म का नाम पूसा डी.एस.टी.–वन है, जो खारी मिट्टी में भी अच्छी उपज देती है और ऐसी स्थिति में तीस प्रतिशत ज्यादा उत्पादन करती है।

**<u>माओवादी सहयोगी–गिरफ्तार</u>**

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने आईईडी लगाने के आरोप में दो माओवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कड़ेमेटा शिविर से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और जिला पुलिस की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान छोटे बुरगुम गांव के पास जंगल में रोड के किनारे एक कुकर आईईडी बरामद किया गया। मौके पर पुलिस ने दो संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों की पहचान तुशवाल निवासी सुकमन और बुधराम कोर्राम के रूप में हुई है।

बाद में बम निरोधक दस्ते ने इस आईईडी को नष्ट कर दिया।

**<u>एसीबी–कार्रवाई</u>**

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एक क्लर्क को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार संविदा पर भर्ती एक चपरासी के वेतन के मामले में बिलासपुर उच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया था। आरोप है कि एम.एफ. फारूखी नाम का यह क्लर्क हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद बिना रिश्वत के वेतन देने को तैयार नहीं था। इस बात की शिकायत संबंधित चपरासी ने

एसीबी से की। इसके बाद आज एसीबी ने जाल बिछाया और आरोपी क्लर्क को पंद्रह हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## तेंदूपत्ता बोनस घोटाला

तेंदूपत्ता बोनस घोटाले मामले में गिरफ्तार डीएफओ अशोक पटेल को राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने रायपुर के विशेष कोर्ट के निर्देशों के बाद दंतेवाड़ा विशेष कोर्ट में पेश किया है। जहां से आरोपी को नौ मई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

इससे पहले, ईओडब्ल्यू ने आरोपी डीएफओ को रायपुर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था। लेकिन, बाद में रायपुर विशेष कोर्ट ने आरोपी को दंतेवाड़ा न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए।

## रेलवे–क्लॉक डिजाइन

भारतीय रेलवे द्वारा देश के सभी स्टेशनों पर नये डिजाइन की डिजिटल क्लॉक बनाने के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए पेशेवर, कॉलेज और स्कूली छात्र–छात्राओं के लिए तीन अलग–अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। तीनों श्रेणियों को मिलाकर भारतीय रेल में उपयोग के लिए चयनित डिजाइन बनाने वाले किसी एक विजेता को पांच लाख रूपये का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। तीनों श्रेणियों में पचास–पचास हजार रूपये के पांच–पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के तहत आज से इकतीस मई तक प्रतिभागियों को डिजिटल घड़ी का डिजाइन ऑनलाइन जमा करना है।

## मौसम

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, कोरबा, सरगुजा सहित प्रदेश के तेरह जिलों में अंधड़ चलने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई है। वहीं, बीजापुर,

बस्तर, राजनांदगांव, बिलासपुर, दुर्ग और कबीरधाम सहित बीस जिलों में भी मेघ गर्जन के साथ तेज हवा चलने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार एक उत्तर–दक्षिण द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्यप्रदेश से उत्तरी कर्नाटक तक बनी हुई है। इसके असर से कल प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल से प्रदेश के अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना भी जताई है।

**संक्षिप्त समाचार**

**अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

- जशपुर जिले के कांसाबेल में पुलिस ने यूनिसेफ के सहयोग से ''आपकी पुलिस आपके द्वार'' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय थीं।
- मुंगेली में कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम आगामी आदेश तक के लिए अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है।
- जगदलपुर के जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में परसों सात मई को सुबह ग्यारह बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय विचार मंच द्वारा एक राष्ट्र–एक चुनाव विषय पर कल रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, विधायक राजेश मूणत और रायपुर महापौर मीनल चौबे शामिल हुईं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>